नैक द्वारा 'बी' ग्रेड प्रत्यायित

# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## जंगल धूसड़- गोरखपुर

मो. : 7897475917, 9794299451

Website: www.mpm.edu.in

E-mail : mpmpg5@gmail.com

स्थापित २००५ ई.

पत्रांक : ..................                                                                                   दिनांक : 09.01.2019

# प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप पी. जी. कॉलेज, जंगल धूसड़ में अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित **आशुभाषण प्रतियोगिता** में प्रस्ताविकी उद्‌बोधन के दौरान विभाग की प्रभारी श्रीमती कविता मन्ध्यान ने कहा कि आशुभाषण प्रतियोगिता उन माध्यमों में से एक है जिसका उपयोग छात्रों के अन्दर आत्मविश्वास उत्पन्न करने तथा सम्प्रेषण कौशल के विकास में किया जाता है। इससें किसी मौके पर तत्काल प्रतिक्रिया देने सामर्थ विकसित होता है। कार्यक्रम दौरान ग्रामीण विकास, फिल्म एवं साहित्य, मीडिया एवं साहित्य, सोशल मीडिया, सोशल मीडिया प्लेटफार्म, रिजर्वेशन, शिक्षा आज का युवा, महिलाओं की स्थिति आदि विषयों पर अपने विचार रखे। प्रतियोगिता में सर्वेश्वर बी.ए. प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान, आदित्य प्रताप सिंह बी.ए. प्रथम वर्ष ने द्वितीय स्थान तथा शिवांगी राय बी.ए. द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में अंग्रेजी विभाग के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे। निर्णायक डॉ. प्रज्ञेश कुमार मिश्र, डॉ. वेंकट रमन तथा डॉ. अभिषेक सिंह ने विजयी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि छात्रों के व्यक्तित्व का विकास होता है साथ ही वे नवीन ज्ञान को आत्मसात करने का अवसर भी पाते है।

एक अन्य कार्यक्रम में **डॉ. हरगोविन्द खुराना जयन्ती** के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में व्याख्यान देते हुए वनस्पति विभागाध्यक्ष डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि डॉ. हरगोविन्द खुराना जैव रसायनज्ञ थे मेडिसिन के क्षेत्र में अपने खोजों के लिए उन्हे नोबल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने न्युक्लिक एसिड में अमीनो एसिड के क्रम को खोजा जो कोशिकाओं में अनुवांशिक कोड के रूप में प्रयुक्त होते है। उनके इस सफलता से एमिनो एसिड की संरचना तथा अनुवंशिकीय गुणों का सम्बन्ध समझना सम्भव हो गया है और वैज्ञानिक अब अनुवंशिकीय रोगों का कारण एवं उनको दूर करने का उपाय ढूढ़ने में सफल हो सकेंगे। कार्यक्रम में डॉ. सुभाष कुमार गुप्ता, सुश्री आम्रपाली वर्मा, डॉ विजय कुमार चौधरी, डॉ. अविनाश प्रताप सिंह, डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय, डॉ. आर. एन. सिंह, श्री नवनीत कुमार, श्री विनय सिंह, डॉ. शिव कुमार, डॉ. प्रज्ञेश मिश्र सहित शिक्षक विद्यार्थी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

(डॉ. राजेश शुक्ला)

सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी